## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ
## पीठासीन अधिकारी सुश्री अंशुल आमेरिया (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 03/2022

**अनवान**

1. श्री हीरालाल पुत्र श्री गोकल रेगर निवसी औज्याडा तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।

—प्रार्थी

**बनाम**

1. प्रभु लाल पुत्र श्री मांगी लाल खटीक निवासी—बरडोद।
2. श्याम लाल पुत्र कालु रेगर निवासी—औज्याडा।
3. लादु पुत्र नगजी रेगर निवासी—औज्याडा।
4. रूपा पुत्र खेमा रेगर निवासी औज्याडा।
5. देबी पुत्री गुल्ला रेगर निवासी औज्याडा।
6. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)

—अप्रार्थीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956**
**निर्णय दिनांक 03.03.2022**

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भॅू—राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 03.01.2022 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम औज्याडा पटवार हल्का औज्याडा भू.अ.नि. हमीरगढ तह हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की खाता संख्या 808 की कृषि भूमि की आराजी नम्बर 2456/1773 रकबा 0.0506 है0 कुल किता 01 रकबा 0.0506है0।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 03.01.2022 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01 से 05 बावजूद विधिवत प्रकियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है। प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

<u>—::आदेश::—</u>

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जातेहैकि **ग्राम औज्याडा पटवार हल्का औज्याडा** भू.अ.नि. **हमीरगढ तह हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की खाता संख्या 808 की कृषि** भूमि की आराजी नम्बर 2456/1773 **रकबा 0.0506 है0 कुल किता 01 रकबा 0.0506है0।** जिसकी पत्थरगढी रा[illegible] रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रकिया के अनुसार की जावे तथा [illegible]नुसार निर्धारित शुल्क 300/—रू0 पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा करायें साथ ही कमिश्नर फीस [illegible] रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर [illegible] को खुले न्यायालय में सुना[illegible] जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

आदेश आज दिनांक 03.03.2022 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया।

(अंशुल आमेरिया)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

Signature Not Verified
Digitally signed by Anshul Aameria
Date: 2022.10.11 16:54:57 IST
Reason: SelfAttested